# करेंट अफेयर्स

## 22 सितम्बर, 2022

## राष्ट्रीय

### 1. PM CARES Trustees

**खबरों में क्यों** – रतन टाटा, जस्टिस केटी थॉमस और करिया मुंडा को पीएम केयर्स फंड के ट्रस्टी के रूप में नामित किया गया।

**प्रमुख बिंदु** –

- गृह मंत्री अमित शाह और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण भी ट्रस्टी हैं।
- राजीव महर्षि, सुधा मूर्ति और आनंद शाह को सलाहकार बोर्ड में नामित किया गया।

## अंतरराष्ट्रीय

### 1. कब्रगाह में अफीम

**खबरों में क्यों** – इसराइल में क्रियाकर्म सम्बन्धी अनुष्ठानों में इस्तेमाल किए जाने वाले बर्तन में अफीम के निशान पाए गए हैं।

**प्रमुख बिंदु** –

- इसे मध्य इजराइल के तेल येहुद में 2012 की खुदाई में खोजा गया था ।
- 2020 में शोधकर्ताओं ने पुष्टि की कि 8वीं शताब्दी ईसा पूर्व पुराने भांग के निशान नेगेव रेगिस्तान में 3000 साल पुराने प्राचीन इजराइली मंदिर में एक अग्नि वेदी पर पाए गए थे।

### 2. सैन्य लामबंदी

**खबरों में क्यों** – व्लादिमीर पुतिन ने रूस में आंशिक लामबंदी की घोषणा की।

**प्रमुख बिंदु** –

- बुलाए जाने वाले सैनिकों की कुल संख्या 3,00,000 है।
- पुतिन ने लुहान्स्क, खेरसॉन और आंशिक रूप से रूसी–नियंत्रित जापोरिज्जिया और डोनेट्स्क क्षेत्रों में जनमत संग्रह का आह्वान किया है।
- द्वितीय विश्व युद्ध के बाद यह मास्को का पहला ऐसा कदम है।

## अर्थव्यवस्था

### 1. मूनलाइटिंग

**खबरों में क्यों** – विप्रो ने ''प्रतिस्पर्धियों के लिए काम करने वाले 300 कर्मचारियों को निकाल दिया।

**प्रमुख बिंदु** –

- उनका रोजगार ''ईमानदारी का उल्लंघन '' के आधार पर समाप्त कर दिया गया।
- मूनलाइटिंग का अर्थ है एक समय में एक से अधिक काम करना और दूर से काम करना (वर्क फ्रॉम होम)।

## रिपोर्ट और सूचकांक

### 1. ''अदृश्य संख्या – गैर–संचारी रोगों का सही पैमाना'' रिपोर्ट

**खबरों में क्यों** – हाल ही में विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) द्वारा यह रिपोर्ट जारी की गई थी।

**प्रमुख बिंदु** –

- भारत में, 2019 में कुल मौतों का 66% (60.46 लाख लोग) गैर–संचारी रोगों (एनसीडी) के कारण हुई।
- किसी भी प्रकार के एनसीडी के कारण 30 से 70 वर्ष की आयु के बीच मृत्यु की संभावना 22% होती है।
- एनसीडी – हृदय रोग , कैंसर , मधुमेह, क्रॉनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज आदि।




NEW BPSC BATCHES ARE STARTING FROM 23rd SEPTEMBER (ENGLISH & HINDI MEDIUM)

## शिखर सम्मेलन

### 1. ग्लोबल फिनटेक फेस्ट

**खबरों में क्यों** – ग्लोबल फिनटेक फेस्ट के तीसरे संस्करण का आयोजन (19–22 सितंबर, 2022)

**प्रमुख बिंदु** –

- थीम 2022 – एक सतत वित्तीय दुनिया का निर्माण।
- इसका आयोजन मुंबई में एनपीसीआई, पेमेंट काउंसिल ऑफ इंडिया और फिनटेक कन्वर्जेंस काउंसिल द्वारा किया गया था।

## सुरक्षा

### 1. झारखंड में माओवादियों का अड्डा साफ

**खबरों में क्यों**– डीजी सीआरपीएफ कुलदीप सिंह ने कहा कि बिहार और झारखंड को अब माओवादियों से मुक्त कहा जा सकता है.

**प्रमुख बिंदु** –

- सीआरपीएफ ने झारखंड में लातेहार और गढ़वा जिलों के त्रि–जंक्शन और छत्तीसगढ़ के बलरामपुर में एक वनाच्छादित क्षेत्र बुधपहाड़ को वामपंथी उग्रवाद (एलडब्ल्यूई) से मुक्त कर दिया।
- बिहार के चक्रबांध और भीमबांध के अत्यंत दुर्गम क्षेत्रों में भी अभियान चलाया ।
- सीआरपीएफ की ओर से ऑपरेशन डबल बुल, ऑपरेशन थंडरस्टॉर्म और ऑपरेशन ऑक्टोपस को अंजाम दिया गया।

## महत्वपूर्ण

### 1. विश्व अल्जाइमर दिवस

**खबरों में क्यों** – यह हर साल 21 सितंबर को मनाया जाता है।

**प्रमुख बिंदु** –

- थीम 2022 – डिमेंशिया को जानें, अल्जाइमर को जानें।
- अल्जाइमर रोग इंटरनेशनल (एडीआई) की स्थापना वर्ष 1984 में हुई थी।
- यह एक स्नायविक विकार है जो मस्तिष्क में तंत्रिका कोशिकाओं को नष्ट कर देता है।

## पुरस्कार और सम्मान

### 1. एल्विस अली हजारिका

**खबरों में क्यों** – वयोवृद्ध असमिया तैराक एल्विस अली हजारिका उत्तर पूर्व से नार्थ चैनल को पार करने वाले पहले व्यक्ति बने।

**प्रमुख बिंदु** –

- यह उत्तर–पूर्वी उत्तरी आयरलैंड और दक्षिण–पश्चिमी स्कॉटलैंड के बीच जलडमरू मध्य है।
- एल्विस और उनकी टीम ने यह उपलब्धि हासिल करने के लिए 14 घंटे 38 मिनट का समय लिया।
- इसके साथ ही एल्विस नॉर्थ चैनल को पार करने वाले सबसे उम्रदराज भारतीय तैराक बन गए हैं।

## ऐप्स और पोर्टल

### 1. स्केल ऐप

**खबरों में क्यों** – धर्मेंद्र प्रधान ने 20 सितंबर, 2022 को स्केल ऐप का अनावरण किया।

**प्रमुख बिंदु** –

- SCALE - चमड़ा कर्मचारियों के लिए कौशल प्रमाणन मूल्यांकन।
- इसे सीएसआईआर – सेंट्रल लेदर रिसर्च इंस्टीट्यूट (सीएलआरआई), चेन्नई में लॉन्च किया गया था।
- भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा जूतों का उत्पादक और उपभोक्ता है।
- दुनिया के लगभग 13% लेदर हाईड और लेदर का उत्पादन भारत में होता है।

## चर्चित व्यक्ति

### 1. राजू श्रीवास्तव

**खबरों में क्यों** – अभिनेता–कॉमेडियन राजू श्रीवास्तव का 21 सितंबर, 2022 को 58 वर्ष की आयु में दिल्ली में निधन हो गया ।

**प्रमुख बिंदु** –

- उन्हें एक व्यायामशाला में कसरत के दौरान दिल का दौरा पड़ा था ।
- वह फिल्म विकास परिषद, उत्तर प्रदेश के वर्तमान अध्यक्ष थे

NEW BPSC BATCHES ARE STARTING FROM 23rd SEPTEMBER (ENGLISH & HINDI MEDIUM)

- उन्होंने प्यार किया, बाजीगर , बॉम्बे टू गोवा और आमदनी अथान्नी खरचा रुपैया जैसी फिल्मों में काम किया था।

## बिहार

### 1. माउथ कैट फिश

**खबरों में क्यों** – हरहा नदी में मिली दुर्लभ "माउथ कैट फिश"

**प्रमुख बिंदु** –

- यह मछली की एक मांसाहारी प्रजाति है जिसके कारण कई जलीय जीव खतरे में रहते हैं।
- यह ज्यादातर दक्षिण अफ्रीका और दक्षिण अमेरिका में पाया जाता है।
- इसे पहली बार वर्ष 2003–04 में गंगा नदियों में सर्वेक्षण के दौरान देखा गया था।
- वर्तमान में यह मछली गंगा, गंडक और कई अन्य नदियों में मौजूद है।

### 2. बिहार नक्सल मुक्त घोषित

**खबरों में क्यों**– डीजी सीआरपीएफ कुलदीप सिंह ने कहा कि बिहार नक्सल मुक्त हो गया है।

**प्रमुख बिंदु** –

- बिहार करीब 32 साल तक नक्सल प्रभावित रहा है।
- बिहार के चक्रबांध और भीमबांध इलाके से नक्सलियों का सफाया हो गया है।
- 2009 (2258 घटनाओं) की तुलना में 2021 (509 घटनाओं) में नक्सली घटनाओं में 77% की कमी आई है।

◆◆◆

NEW BPSC BATCHES ARE STARTING FROM 23rd SEPTEMBER (ENGLISH & HINDI MEDIUM)

# करेंट अफेयर्स एक नजर

## 22 सितम्बर, 2022

PERFECTION IAS

/PerfectionIAS

## Important Takeaways

- ☞ अपने लॉन्च के पहले चरण में किस राज्य में 5G दूरसंचार सेवा चालू होगा – **ओडिशा**
- ☞ किस तहसील से कार्यक्रम 'मिशन तहसील 392' को तहसील स्तर पर 27 सितम्बर से शुरू किया जायेगा – **नोखा , बीकानेर**
- ☞ हाल ही में भारत ने किस देश के साथ रक्षा उद्योगों के बीच सहयोग बढ़ाने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं – **मिस्र**
- ☞ अदानी ग्रीन ने किस राज्य में 325 मेगावाट पवन ऊर्जा परियोजना शुरू की है – **मध्य प्रदेश**
- ☞ अनुराग ठाकुर ने किस शहर में अखिल भारतीय पुलिस जूडो क्लस्टर का उद्घाटन किया – **नई दिल्ली**
- ☞ भारतीय और अमेरिकी तटरक्षक बल ने किस शहर में एक संयुक्त अभ्यास 'अभ्यास 01/22' आयोजित किया – **चेन्नई के तट**
- ☞ भारत के किस संगठन के अध्यक्ष पद को एक और वर्ष के लिए बढ़ा दिया गया है – **एशिया–पैसिफिक इंस्टीट्यूट ऑफ ब्रॉडकास्टिंग डेवलपमेंट (AIBD)**
- ☞ किसने लॉन्ग रेंज रेडियो (लोरा) तकनीक विकसित की है – **बैंकिंग प्रौद्योगिकी में विकास और अनुसंधान संस्थान (आईडीआरबीटी)**
- ☞ फास्ट ट्रेक कोर्ट में लंबित मामलों में किस राज्य ने शीर्ष स्थान हासिल किया है – **उत्तर प्रदेश**
- ☞ उपराज्यपाल ने हाल ही में सामुदायिक पुलिसिंग पहल "वी केयर" कहाँ शुरू की है – **नई दिल्ली**

NEW BPSC BATCHES ARE STARTING FROM 23rd SEPTEMBER (ENGLISH & HINDI MEDIUM)

103, KUMAR TOWER, BORING RD. CROSSING PATNA

More information call us 9155090871/72/73

www.perfectionias.com
VISIT OUR WEBSITE